>

Title: Need to allocate funds for construction of a new railway line between Barabanki and Fatephur via Deva Sharif in Uttar Pradesh.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): आदरणीय सभापति जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। मैं आपका ध्यान इस वर्ष रेल बजट घोषणा की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र बाराबंकी से देवाशरीफ होते हुए फतेहपुर तक 25 किलोमीटर लम्बी अत्यन्त महत्वपूर्ण रेलवे लाइन के लिए सर्वेक्षण करने की घोषणा की गयी है। इसके लिए मैं तत्कालीन रेल मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। यह अत्यन्त महत्वपूर्ण रेलवे लाइन होगी, जो अयोध्या से देवाशरीफ-फतेहपुर होते हुए, धार्मिक स्थान नेमीसारण-सीतापुर तक लोगों के जाने के लिए अत्यन्त सुविधापूर्ण होगी। इसके अतिरिक्त इस नयी रेलवे लाइन से बिना लखनऊ पर बोझ डाले गाड़ियां सीधे दिल्ली जा सकती हैं। इसी प्रकार जिन माल गाड़ियों का लखनऊ जाना अनिवार्य नहीं है, वे इस मार्ग से होते हुए सीतापुर से दिल्ली तक सीधे चल सकती हैं। इस महत्वपूर्ण रेलवे लाइन की रेलवे बजट में की गई घोषणा के उपरांत आज तक पर्याप्त धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जल्द से जल्द उक्त महत्वपूर्ण रेल लाइन के सर्वेक्षण के लिए बजट आबंटित करने की कृपा करें, जिससे सर्वेक्षण का कार्य जल्दी से पूरा हो सके।

श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच) : महोदय, मैं अपने को श्री पुनिया जी द्वारा उठाए गए विषय से सम्बद्ध करता हूं।